भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3768

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 16 मार्च, 2026

25 फाल्गुन, 1947 (शक)

तमिल ब्राह्मी शिलालेखों की पहचान :

3768. **श्री टी. एम. सेल्वागणपति** :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मिस्र में 'वैली ऑफ द किंग्स' के मकबरों में तमिल ब्राह्मी शिलालेखों की पहचान की गई है, जैसा कि प्रेस में बताया गया है;

(ख) क्या ये शिलालेख पहली और तीसरी शताब्दी ईस्वी के बीच की अवधि के हैं;

(ग) क्या उक्त निष्कर्षों के संबंध में कोई पत्र जारी किया गया था; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): प्रेस में यह सूचना है कि मिस्र में राजाओं की घाटी में कब्रों पर ब्राह्मी सहित भारतीय भाषाओं में छोटे शिलाखेख देखे गए हैं।

(ख): लिपि के आधार पर, खोजकर्ताओं ने दावा किया कि में छोटे शिलालेख प्रथम और तृतीय शताब्दी सी.ई. के बीच के हैं।

(ग) और (घ): इस वर्ष फरवरी में चेन्नई में तमिलनाडु सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा तमिल अभिलेख पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक कागजात प्रस्तुत किया गया था।

*****